>

Title: Need to release funds for Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Ramgarh & Hazaribagh district of Jharkhand.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : महोदय, राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत झारखंड में कुछ जिलों को राशि आबंटित की गयी है। उसमें भी एन.टी.पी.सी एवं डी.वी.सी के द्वारा कार्य शुरू नहीं किया है। हजारीबाग एवं रामगढ़ सहित कई जिलों को राशि आज तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है जबकि हजारीबाग राजीव गांधी विद्युतीकरण दामोदर घाटी निगम को दिया गया है। राशि उपलबध कराने के लिए मैंने कई बार माननीय विद्युत मंत्री जी को पत्र लिखकर अनुरोध किया। मैं ऊर्जा परामर्शदात्री समिति की चार बैठकों में इस मुद्दे को उठाता रहा हूं। माननीय मंत्री जी बराबर आश्वस्त करते रहे कि दूसरी किस्त हजारीबाग सहित अन्य जिलों को राशि उपलब्ध करा देंगे। लेकिन अभी तक राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है। इससे हजारीबाग जो मेरा चुनाव क्षेत्र है, वहां के लोगों में काफी आक्रोश भी है।

अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि यथाशीघ्र एक समय सीमा के अंदर हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला सहित अन्य जिलों को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के लिए राशि आबंटित की जाये ताकि कार्य में वहां तेजी लाई जा सके।